मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
जौनपुर संस्करण
मुंबई
वर्षः 7 अंक 279
गुरुवार, 01 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# देश की भावनाओं को समझकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाएं प्रधानमंत्रीः मल्लिकार्जुन खडगे

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की भावनाओं को समझकर मौजूदा स्थिति में किसी भी कार्रवाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए देश की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सही कदम उठाने का आग्रह किया।

कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर पार्टी के गायब पोस्ट पर उठे विवाद के बीच आतंकवादी हमले पर चर्चा करने और सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि किसी की गरिमा या छवि को कोई नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए।खरगे ने संसद के विशेष सत्र की मांग पर पूछे गए सवाल पर कहा, सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने क्या कदम उठाए हैं या उठाने की योजना बना रहे हैं। उन्हें सदस्यों को इसकी जानकारी देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी बातों को गुप्त रखकर ही अभियान चलाना होता है।कांग्रेस प्रमुख ने कहा, लेकिन मौजूदा



स्थिति और उनके (प्रधानमंत्री के) मन में क्या चल रहा है, इस बारे में उन्हें कम से कम सत्र के दौरान सदन के नेताओं की बैठक बुलानी चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए।

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, हमने उन्हें (केंद्र सरकार को) पहले ही पूरा अधिकार दे दिया है और उनसे कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि भारत के लोगों और सैनिकों को कोई परेशानी न हो और हमें भी कोई झटका न लगे। हमने उन्हें पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने के लिए पूरा समर्थन दिया है।खरगे ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री लोगों की राय और देश में मौजूद भावनाओं को समझेंगे तथा मौजूदा स्थिति में किसी भी अभियान को अंजाम देने के लिए सभी दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करेंगेव अपना काम करेंगे। उन्हें जल्द से जल्द देश की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाना चाहिए।

खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ही प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए कह चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर गायब पोस्ट के कारण कांग्रेस को किरकिरी का सामना करना पड़ा है, खरगे ने कहा, मैंने इसे नहीं देखा है, मैं क्या कह सकता हूं।

उन्होंने कहा, लेकिन, कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, फिर चाहे प्रधानमंत्री हो या कोई अन्य नेता, किसी को भी उनकी गरिमा या छवि को नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं करना चाहिए। कोई भी करे, चाहे वो (भाजपा) करें या हमारे लोग (कांग्रेस), ये ठीक नहीं है। कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उनकी किसी पुरानी तस्वीर को दिखाया गया था ।

## सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरायी कार, एक परिवार के तीन लोगों की मौत



**मुरादाबाद, 30 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में बुधवार को ठाकुरद्वारा-बिजनौर मार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। दुर्घटना में कार में सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग जख्मी हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कुछ लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात करीब तीन बजे ठाकुरद्वारा-बिजनौर मार्ग पर रतूपुरा गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकरायी।

अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कविराज (36), उसकी पत्नी मंजू (34) और बेटी आराध्या (11) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में मारे गये लोग बिजनौर जिले के फीना गांव के निवासी थे।

पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतकों के शव सीटों से चिपक गए थे। पुलिस के मुताबिक, हादसे में घायल ताशु (18), लक्ष्य (12) और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संघर्ष विराम का उल्लंघन किया तो खैर नहीं, भारत ने पाकिस्तान को सख्त शब्दों में चेताया

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने मंगलवार को हॉटलाइन पर बातचीत की। रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारत ने नियंत्रण रेखा पर बार-बार हो रहे इन उल्लंघनों को लेकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। कल सुबह तक संघर्ष विराम उल्लंघन केवल छड्डउ तक ही सीमित था। हालांकि, कल देर रात स्थिति तब और बिगड़ गई जब पाकिस्तानी सेना ने जम्मू के परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी शुरू कर दी।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने कल हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा



बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी। उल्लेखनीय रूप से, यह उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें दावा किया गया है कि पाकिस्तानी सेना ने संभावित भारतीय सैन्य कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें सेना और नौसेना दोनों ही अलर्ट पर हैं।

सैन्य प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान वायु सेना ने हवाई क्षेत्र में भ्रम से बचने के लिए केवल आवश्यक मिशनों तक ही सीमित रहते हुए उड़ान संचालन में 50% से अधिक की कमी की है। एक पाकिस्तानी मंत्री ने पहले ही सेना की मानसिकता का संकेत देते हुए कहा है कि उन्हें अगले 24 से 36 घंटों के भीतर भारतीय हमले की उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर परगवाल सेक्टर में संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद, अतिरिक्त बीएसएफ जवानों को तैनात किया गया तथा भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी आक्रमण का त्वरित एवं संतुलित तरीके से जवाब दिया।

## जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार, कैबिनेट बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** केंद्र की मोदी सरकार ने फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा कि कई राज्यों में की गई जाति जनगणना की कवायद अवैज्ञानिक है। एनडीए शासित बिहार सहित कई राज्य पहले ही जाति जनगणना के आंकड़े प्रकाशित कर चुके हैं।

वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस सरकारें हमेशा से जाति जनगणना का विरोध करती रही हैं। 2010 में स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह ने



कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की है। इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण किए हैं। जबकि कुछ राज्यों ने यह काम अच्छे से किया है, वहीं कुछ अन्य ने केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों से समाज में संदेह पैदा होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति से हमारा सामाजिक ताना-बाना खराब न हो, सर्वेक्षणों के बजाय जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शिलांग से सिलचर तक 22,864 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले हाई-स्पीड कॉरिडोर राजमार्ग को मंजूरी दे दी है।

## डिजिटल पहुंच जीवन के अधिकार का अभिन्न अंगः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिव्यांगजनों और तेजाब हमले के पीड़ितों के लिए डिजिटल केवाईसी (ग्राहक को जानो) दिशा-निर्देशों में बदलाव का निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल पहुंच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि दृष्टिहीनता सहित दिव्यांगता वाले लोगों और तेजाब हमले के पीड़ितों के लिए डिजिटल केवाईसी दिशानिर्देशों में बदलाव जरूरी है, क्योंकि वे केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने और बैंक खाते खोलने जैसी सुविधाओं का लाभ



उठाने तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ हैं।अदालत ने ऐसे लोगों की केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने में असमर्थता पर भी गौर किया, जिसके लिए उन्हें ऐसे कार्य करने होते हैं जैसे कि अपना सिर हिलाना और चेहरे को सही स्थिति में रखना - ये ऐसे कार्य हैं जिन्हें वे नहीं कर पाते। इसके परिणामस्वरूप दिव्यांगजनों को देरी का सामना करना पड़ता है या वे अपनी पहचान स्थापित करने, बैंक खाते खोलने, आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बनाने या सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ होते हैं।न्यायमूर्ति महादेवन ने पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि डिजिटल पहुंच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक आंतरिक घटक है।शीर्ष अदालत ने कहा कि संवैधानिक प्रावधान और कानूनी प्रावधान पीड़ित याचिकाकताओं को डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया में पहुंच और उचित सुविधा की मांग करने का वैधानिक अधिकार प्रदान करते हैं।उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह जरूरी है कि डिजिटल केवाईसी दिशानिर्देशों को एक्सेसिबिलिटी कोड के साथ संशोधित किया जाए।

अरूणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
ARUNODAYA Surgical & Trauma Center



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवीं मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)
डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)
डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन
डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ
24/7 Emergency Services
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
ADITYA BIRLA GROUP Medi Assist STAR Health Insurance
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर




### प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीघा में जगन्नाथ मंदिर के स्थापना उत्सव में लिया भाग

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समुद्र तटीय शहर दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर के स्थापना उत्सव में भाग लिया। बनर्जी ने तीन वर्षों में इस मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों और इंजीनियर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जो इस कार्यक्रम के लिए यहां आए हैं।

### सूचना

1 मई मजदूर दिवस की देशवासियों को हार्दिक बधाई। मजदूर दिवस के अवसर पर उत्तरशक्ति प्रेस एवं कार्यलाय दिनांक 1-5-2025 को बंद रहेगा अगला अंक 3-5-2025 को प्रकाशित होगा।

-संपादक

जरूरतमंद सीनियर सिटिजन के बेहतर देख-भाल हेतु समर्पित संस्था
YASHOJYOTI FOUNDATION'S
(MAHA/1211/2013/THANE)
ज्योति ओल्ड एज होम
JYOTI OLD AGE HOME
WE SERVICE FOR HUMANITY



Dr. Jyoti MD (AM)
Home For Aged, Senior Citizans, Pentioners Paralysis,
• Diabetic, Bed Ridden Patients.,• Paralysis, Alzheimer's dementia, post operative, palliative care schizophrenia, Treatement if needed., • Food Will Be Served Breakfast Lunch, Supple Dinner. (Veg & Non Veg), • Entertainment: Tv, Tape, News Paper, Indoor Games, Ample Place For Walking, Yoga., • 24x7 Ward Boy, Aaya, Atendant To Take Care., • Doctor's visit every day., • Specialist (Psyciaric, Dentist, Cardiologyst, physcian) visit on c, • Ambulance service on call., •
CONTACT NO.- 9820674896/9664682587
Padmakar Mhatre Hospital, Opp. Kakad Paradise, Penkar Pada, Mira Road (E), Thane - 401 107.

# श्रीकृष्ण-भक्ति के दिव्य एवं अलौकिक प्रतीक हैं सूरदास



-ललित गर्ग

## सूरदास जयन्ती 2 मई, 2025

इस संसार में यदि सबसे बड़ा कोई संगीतकार है तो वो हैं श्रीकृष्ण। जिस प्रकार से तत्व, रज और तम-इन तीनों गुणों के समन्वय को प्रकृति कहा गया है, उसी प्रकार से गायन, वादन और भक्ति इन तीनों में जो रमा हो, जो पारंगत हो उसे श्रीकृष्ण-भक्त गया गया है। ऐसे ही दिव्य एवं अलौकिक श्रीकृष्ण भक्ति के एक महान्‌ चितेरे एवं श्रीकृष्ण भक्ति को समर्पित शीर्षस्थ भक्त-कवि व्यक्तित्व हैं सूरदासजी। वे एक दृष्टिहीन संत थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को श्रीकृष्ण भक्ति का मार्ग दिखाया। वे बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से डूब गए। वे एक महान भक्ति कवि एवं हिन्दी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। उनका आदर्श चरित्र और जीवन दर्शन अंधेरे को भी उजाला प्रदान करता है। वे जहां भक्त, वैरागी, त्यागी और संत थे, वहीं वह उत्कृष्टतम काव्य प्रतिभा के धनी एवं गायन में कुशल भी थे। इसलिए उनके अन्तर्मन की पावन भक्तिधारा मन्दाकिनी की भांति कल-कल करके प्रस्फुटित हुई।

सूरदास ने जीवनपर्यंत भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की और ब्रज भाषा में उनकी लीलाओं का वर्णन किया। कान्हा की भक्ति में उन्होंने कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी हैं। प्रभु श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए उन्होंने सूरसागर, सूर-सारवली और साहित्य लहरी जैसी महत्वपूर्ण रचनाएं कीं, जो भक्ति-साहित्य की अनमोल धरोहर है। उनका जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में संभवतः सन्‌ 1535 की वैशाख शुक्ल पंचमी को हुआ जो इस वर्ष की 2 मई, 2025 है। चार भाइयों में सूरदास सबसे छोटे एवं नेत्रहीन थे। माता-पिता इनकी ओर से उदासीन रहते थे। निर्धनता एवं माता-पिता की उनके प्रति उदासीनता ने उन्हें विरक्त बना दिया। वह घर से निकल कर चार कोस की दूरी पर तालाब के किनारे रहने लगे।

सूरदास, श्रीकृष्ण भक्ति के महान कवियों में से एक हैं, जिनकी भक्ति में प्रेम, माधुर्य और विरह का अनूठा संगम है। सूरदास की भक्ति सगुण भक्ति धारा के पुष्टिमार्ग से जुड़ी है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपने जीवन का सर्वस्व मानते हैं। उनकी भक्ति में सख्य भाव की प्रधानता है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपना सखा मानते हैं और उनके साथ प्रेममय संबंध स्थापित करते हैं। सूरदास का व्यक्तित्व भी बहुत विरल है, वे एक अनूठे भक्त थे जो श्रीकृष्ण के प्रति सर्वात्मना समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से लीन थे।



उन्होंने ऐसे समय में श्रीकृष्ण भक्ति की धारा प्रवाहित की जब समाज में धर्म की हानि हो रही थी, अधर्म पुष्ट हो रहा था, सज्जन कष्ट झेल रहे थे और दुर्जन आनन्द भोग रहे थे। ऐसे समय में सूरदास भला तटस्थ कैसे रहते? इस तरह सूरदास की भक्ति केवल श्रीकृष्ण तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने अपने काव्य में मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी चित्रित किया है। मान्यता के अनुसार एक बार सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति में इतने डूब गए थे कि वे एक कुंए में जा गिरे, जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने खुद उनकी जान बचाई और आंखों की रोशनी वापस कर दी। जब श्रीकृष्ण भगवान ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर वरदान में कुछ मांगने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि ह्यआप फिर से मुझे अंधा कर दें। मैं श्रीकृष्ण के अलावा अन्य किसी को देखना नहीं चाहता ह्ल वे भले ही अंधे थे, लेकिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को अपने हृदय से देखा और सुना और उनके बारे में सुंदर पद लिखे। संत सूरदास द्वारा रचित काव्य साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान भारतीय लोक संस्कृति और परम्परा को उच्च शिखर पर आसीन कराने में हुआ। उन्होंने द्वापर के नायक श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का समसामयिक लोक-आस्था के अनुरूप चित्रण किया और भगवान को एक लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। भगवान को लौकिक रूप में प्रस्तुत कर सूरदासजी ने हमारे समाज को एक नई आस्था एवं नई भक्ति की अवधारणा दी है। वास्तव में सूरदासजी का काव्य लालित्य, सौन्दर्य, वात्सल्य, श्रृंगार, शांत रस और प्रेम का काव्य है।

कुछ लोगों के अनुसार सम्राट अकबर सूरदास से मिलने आए थे। कहते हैं कि तानसेन ने अकबर के समक्ष सूरदास का एक पद गाया। पद के भाव से मुग्ध होकर सम्राट अकबर मथुरा जाकर सूरदास से मिले। सूरदास ने बादशाह को ह्यमना रे माधव सौं करु प्रीती गाकर सुनाया ह्ल बादशाह ने प्रसन्न होकर सूरदास को अपना यश वर्णन करने का आग्रह किया। तब निर्लिप्त सूरदास ने ह्यनाहिन रहनो मन में ठौरह्ल पद गाया। पद के अंतिम चरण ह्यसूर ऐसे दरस को ए मरत लोचन व्यासह्ल को लेकर बादशाह ने पूछा ह्यह्यसूरदासजी आप नेत्र ज्योति से वंचित हैं, फिर आपके नेत्र दरस को कैसे प्यासे मरते हैं?ह्लह्ल सूरदासजी ने कहा, ह्यह्ये नेत्र भगवान को देखते हैं और उस स्वरूप का रसपान प्रतिक्षण करने पर भी अतृप्त बने रहते हैं ह्लह्ल अकबर ने सूरदास से द्रव्य-भेंट स्वीकार करने का अनुरोध किया पर निडरतापूर्वक भेंट अस्वीकार करते हुए सूरदासजी ने कहा आज पीछे हमको कबहूं फेरि मत बुलाइयो और मोको कबहूं लिलियो मती।

सूरदासजी संगीत-शास्त्र के परम ज्ञाता, काव्य नेपुण्य एवं गान-विद्या विशारद विषय में प्रतिभा सम्पन्न थे। सूरदास आशु कवि थे। उन्होंने काव्य लिखा नहीं बल्कि उनके मुखारविन्द से स्वतः श्रीकृष्ण की लीला गान करते हुए पद झड़ने लगे थे और वे पद रूप सामृत-बिन्दू की तरह एकत्र होकर सागर ही नहीं काव्य रस का महासागर बन गए, जिसे ह्यसूरसागरह्ल के नाम से जाना जाता है। महाकवि सूरदासजी का जीवन वृत स्वल्प अंश में ही ज्ञात है। उनके लिए महत्व अपनी अस्मिता का नहीं, आराध्य का था। इसलिए उनके जीवन संबंधी साक्ष्य नहीं के बराबर मिलते हैं। कुल मिलाकर ह्यसंसार से विराग और ईश्वर से रागह्ल यही सूरदास की आरंभिक दौर की भक्ति का मूल आधार रहा है, जिसे उन्होंने बड़ी तल्लीनता के साथ व्यक्त किया है। सूरदास ने स्वयं को अपने ईश्वर का तुच्छ सेवक मानते हुए उनके समक्ष दैन्य प्रकट किया है। इस कारण सूरदास की भक्ति ह्यदास्य भावह्ल की भक्ति कहलाती है, जिसमें भक्त स्वयं को अपने ईश्वर का दास मानकर उनकी सेवा और भक्ति करता है।

एक प्रसंग प्रचलित है कि सूरदास जब गाऊघाट पर रहते थे तो उन्हें वहां एक दिन वल्लभाचार्य के आने का पता चला। सूरदास उचित समय पर वल्लभाचार्य से मिलने गए और उनके आदेश पर अपने रचित दो पद उन्हें गाकर भी सुनाए-ह्यहौं हरि सब पतितन कौ नायकह्ल एवं ह्यप्रभु! हौं सब पतितन कौ टीकौ ह्ल वल्लभाचार्य ने सूरदास के इन दीनतापूर्ण पदों को सुना और उन्होंने सूरदास से कहा कि-ह्यजो सूर ह्वै कै ऐसो घिघियात काहे को है? कुछ भगवत लीला वर्णन करौ ह्ल इस पर सूरदास ने वल्लभाचार्य से कहा कि- ह्यप्रभु! मुझे तो भगवान की लीलाओं का किंचित भी ज्ञान नहीं ह्ल ऐसा सुनकर वल्लभाचार्य ने सूरदास को अपने संप्रदाय में स्वीकारते हुए पुष्टिमार्ग में दीक्षित करने का निश्चय किया। उन्होंने सूरदास को श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध की बनाई हुई अपनी अनुक्रमणिका सुनाई, जिसके पश्चात सूरदास ने विनय के पदों का गान छोड़कर पुष्टिमार्गी परिपाटी के अनुसार ईश्वर की भक्ति का वर्णन करना आरंभ कर दिया।

सूरदास ने ब्रजभाषा में सरल, सहज बोधगम्य भाषा का प्रयोग किया है, जिससे उनकी भक्ति भावना और अधिक प्रभावशाली हो गई है। सूरदास की रचनाओं में संगीत का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जो उनकी भक्ति भावना को और भी दिव्य, सुंदर और मधुर बनाता है। उनकी भक्ति का केंद्रबिंदु श्रीकृष्ण प्रेम है, जो उनके जीवन का सार है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के बाल रूप का भी सुंदर वर्णन किया है और यशोदा के वात्सल्य भाव को भी अपने काव्य में दशार्या है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के विरह में भी गहरे भाव व्यक्त किए हैं, जो उनकी भक्ति की गहराई को दशार्ते हैं। सूरदास की भक्ति विशेषताएं उनके काव्य में प्रेम, माधुर्य, सांख्य भाव, विरह, और वात्सल्य जैसे भावों का मिश्रण है। सूरदास का विरल व्यक्तित्व श्रीकृष्ण प्रेम, आत्मसमर्पण, विरह, वेदना, और व्यापकता से युक्त है। उनकी भक्ति और व्यक्तित्व ने उन्हें श्रीकृष्ण भक्ति धारा के महान कवियों में से एक बना दिया है।

# पहले देश के भीतर घुसपैठ के कैंसर को मिटाने के लिए कदम उठाना आवश्यक



अशोक भाटिया

पहलगाम में क्रूर आतंकी हमला, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, देश की आत्मा को चोट पहुंचाने के लिए सीमा पार से बलों द्वारा किया गया है। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें धर्म पूछकर मारा गया था। इसका मतलब यह है कि धर्मयुद्ध के लेंस के माध्यम से हमले को देखने के लिए आतंकवादियों का गुप्त इरादा कोई रहस्य नहीं है। भारतीय भूमि पर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी राष्ट्रिकों द्वारा अनियंत्रित घुसपैठ की जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें अवैध रूप से उपनिवेश बनाया गया है। कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार की चेतावनी के बाद, जांच एजेंसी अब तक भारत से भागने में कामयाब रही है और पूरे भारत में की गई छापेमारी में पाकिस्तानी नागरिकों को पाया है।खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी प्रवासी, पाकिस्तानी मूल के हजारों निवासी, देश भर में अवैध रूप से रह रहे हैं। असम से दिल्ली तक, पश्चिम बंगाल से महाराष्ट्र तक, हजारों लोगों के पास फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड हैं, मतदाता पहचान पत्र और यहां तक कि आधार कार्ड का भी उपयोग कर रहे हैं।

2003-04 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेशी घुसपैठिए देश में 25 लोकसभा सीटों और 120 विधानसभा सीटों पर प्रभावी भूमिका में हैं। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2003 तक दिल्ली में 6 लाख बांग्लादेशी घुसपैठिए भारतीय पहचान पत्र हासिल कर चुके थे। लगभग यही स्थिति देश के कई अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में हो सकती है। अनुमान है कि अभी 3-5 करोड़ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में रह रहे हैं। इनमें से कुछ गलत गतिविधियों में सक्रिय हो सकते हैं।साथ ही, यह भी देखा गया है कि कट्टरपंथियों के सत्ता में आने पर बांग्लादेश से अतीत में घुसपैठ बढ़ी है। 2001 में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी जैसे दलों के सहयोग से इठढ सत्ता में आई, तो भारत में घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई थीं। उस वक्त बांग्लादेश में आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप तेजी से बढ़ने लगे थे। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर पकड़े गए उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान, ईस्टर्न बॉर्डर के करीब इन कैंपों में कई बड़े आंतकवादी समूहों की मौजूदगी की पुष्टि भी हुई थी।11 सितंबर 2001 के बाद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रकने बांग्लादेश में आतंकी गतिविधियां और तेज कर दी थीं। 2002 में कोलकाता में कई क्रकएजेंटों की गिरफ्तारी हुई थी, जो बांग्लादेश बॉर्डर पार कर भारत आए थे। तब भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने संसद में कहा था, ह्यढाका में पाकिस्तानी हाई कमिशन, क्रक का नर्व सेंटर है, जो भारत के खिलाफ आंतकी गतिविधियों में लिप्त है ह्ल उन्होंने यह भी बताया था कि कई उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश में ट्रेनिंग कैंप बना लिए हैं और बॉर्डर के करीब बड़ी संख्या में मदरसे भी बने हैं।

अक्टूबर 2002 में इरत्रः ने बांग्लादेश में चल रहे 99 आतंकी ट्रेनिंग कैंपों की लिस्ट बांग्लादेश बॉर्डर गाड्र्स को सौंपी थी। 2002 में बांग्लादेश में अल कायदा, रोहिंग्या और कट्टरपंथी ताकतों के नेक्सस की रिपोर्ट भी मिली। यह नेक्सस अमेरिका के अफगानिस्तान में एक्शन के बाद और मजबूत हुआ, अल कायदा के 150 आतंकवादियों ने बांग्लादेश में शरण ली। सबसे खतरनाक बात यह थी कि इन्हें बांग्लादेश में प्रशासन और आर्मी का सपोर्ट मिला। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार इलाके में अल कायदा आतंकियों के मूवमेंट से भारत के लिए खतरा पैदा होने लगा। म्यांमार, चिटगांव और समुद्र के करीब होने से आतंकियों के लिए कॉक्स बाजार से कहीं भी जाना आसान था। इस इलाके में कई आतंकी संगठनों के कैंप की मौजूदगी भी रिपोर्ट हुई।

करीब 25 साल पहले, साल 2000 में भारत के गृह सचिव माधव गोडबोले ने भारत सरकार को एक बेहद महत्वपूर्ण रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कहा गया था कि करीब 1.5 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि सालाना 3 लाख से ज्यादा बांग्लादेशी अवैध तरीकों से भारत में घुसते हैं। पिछले 25 सालों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ी ही है।असम के गवर्नर रहे एसके सिन्हा ने 1998 में भारत के राष्ट्रपति को सौंपी एक रिपोर्ट में लिखा था कि जिस तेजी से अवैध बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ रही है, एक समय ऐसा आ सकता है, जब वे ग्रेटर बांग्लादेश की मांग करने लगें। यानी ये कहें कि भारत के जिन इलाकों में अवैध बांग्लादेशियों की आबादी बढ़ गई है, उन्हें भी बांग्लादेश को सौंप दिया जाए। सिन्हा ने इस समस्या के राजनीतिक, सामाजिक और भौगोलिक खतरों से भी आगाह किया था। बांग्लादेश और भारत की सीमा के करीब फर्जी आधार कार्ड और बाकी भारतीय पहचानपत्र बनाने वाले बिचौलियों की बात भी लगातार सामने आती रही है। इनसे पता चलता है कि कोई बांग्लादेशी बाद में भारत में दाखिल होता है, बिचौलिए पहले ही उसका फर्जी पहचानपत्र बनवा लेते हैं। ये सीमा के दोनों ओर मौजूद हैं। ऐसे में अवैध बांग्लादेशियों के लिए घुसपैठ करना आसान हो जाता है।दूसरी ओर, वीजा लेकर भी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी आते हैं, लेकिन उनमें कई वापस नहीं लौटते। साल 2023 में करीब 16 लाख बांग्लादेशी वीजा लेकर भारत आए थे। इनमें से कितने वापस गए? और कितने पासपोर्ट फाड़ कर गायब हो गए? इसे लेकर पूरे देश में आइडेंटिफिकेशन ड्राइव चलाने की जरूरत है। इसके अलावा, सभी राज्य सरकारों, खास तौर पर बॉर्डर से सटे राज्यों की पुलिस और जिला प्रशासन को घुसपैठियों को पकड़ने और इनके फर्जी पहचानपत्र बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

हालांकि 1974 में जब भारत-बांग्लादेश बॉर्डर गाइडलाइंस बनी थी, तब बांग्लादेश में माहौल बिल्कुल अलग था, तब शायद भारत को भी अंदाजा नहीं था कि बांग्लादेश में भारत के खिलाफ ऐसा माहौल होगा जैसा अब है, लिहाजा अब भारत-बांग्लादेश बॉर्डर गाइडलाइंस की समीक्षा की भी जरूरत है। गौरतलब है कि ये घुसपैठिए एक ऐसी व्यवस्था की नाक के नीचे बेरोकटोक जी रहे हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा के ऊपर वोट बैंक को प्राथमिकता देती है। इसलिए, नरम कूटनीति के युग का अंत होना चाहिए। यह सख्त कार्रवाई का समय है क्योंकि देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के साथ-साथ हिंसक घटनाओं की बढ़ती संख्या के पीछे पाकिस्तान का छिपा हुआ एजेंडा है। भारत के स्थानीय लोगों का ब्रेनवॉश करके। वे आतंकवादी कृत्यों में शामिल हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों से बड़े खतरे के बावजूद, उन्हें तुरंत निर्वासित करने की प्रक्रिया सिर्फ एक या दो महीने के लिए नहीं होनी चाहिए।

भारत में अवैध रूप से रह रहा हर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मानव बम की तरह है। आतंकवादी संगठनों में भर्ती एजेंटों द्वारा देश में सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता लाने की एक साजिश है। यह कोई संयोग नहीं है कि पश्चिम बंगाल, असम, केरल, बिहार या उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध आप्रवासियों की संख्या बढ़ रही है। सांप्रदायिक तनाव, अपराध दर और सांस्कृतिक टूटन बढ़ रही है। यह भारत को भीतर से कमजोर करने के लिए बनाया गया एक कुंभड़ा है। पहलगाम नरसंहार एक गुप्त सीमा पार हमले का हिस्सा है। 2014 से पहले केंद्र में सत्ता में सरकारों का प्रभाव अब सीमा पार अपराध और वोट बैंक की राजनीति की उपेक्षा के कारण दिखाई दे रहा है। कई भारतीय राज्यों में सत्ता में आने वाली कई सरकारों ने सबूत देने की आड़ में शिथिलता के बजाय तुष्टिकरण का विकल्प चुना है। उन्होंने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सामूहिक रूप से बसने में मदद की है। दूसरी ओर, खुफिया एजेंसियों द्वारा भारतीय महानगरों में पाकिस्तानी स्लीपर सेल के सक्रिय होने और बांग्लादेशी प्रवासी आपराधिक गिरोहों को मजबूत करने की चेतावनी के बावजूद, तत्कालीन शासक चुप रहे और बदतर स्थिति में रहे। उन्होंने हमले के खिलाफ बोलने की हिम्मत करने वाले विपक्ष को नस्लवादी, विदेशी विरोधी या धर्मनिरपेक्ष विरोधी घोषित करते हुए अपराधी बना दिया। अब, पहलगाम के शहीदों और अनगिनत अन्य लोगों का खून उन्हीं राजनेताओं की अंधी नकल का हिस्सा बन गया है। इसलिए, भारत में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों का पता लगाया जाना चाहिए और उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

पहलगाम त्रासदी के मद्देनजर, घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक मजबूत अभियान की आवश्यकता है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठकअ) द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर छापे मारकर और स्लीपर सेल को नष्ट करके शुरू की गई है। घुसपैठियों के घरों को नष्ट करना। केंद्र सरकार ने राज्यों को अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निर्वासित करने का अधिकार दिया है। जाली दस्तावेजों की जांच।विशेष रूप से असम, बंगाल और पंजाब में तलाशी अभियान तेज करने और प्रत्येक राज्य से बुर्का पहने भारतीय नागरिकों को पकड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर एक मजबूत प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता है। अवैध प्रवासियों को ट्रैक करने, अलग करने और निर्वासित करने के लिए खुफिया एजेंसियों द्वारा नए डेटाबेस बनाए जा रहे हैं। यह एक अच्छी बात है। साथ ही जिहादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले मदरसों पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। हमें भारत में किसी भी बांग्लादेशी, पाकिस्तानी मुसलमान के लिए जगह आरक्षित नहीं करनी चाहिए जो भारत की संप्रभुता, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को बनाए रखते हुए धर्म के आधार पर भारत में घुसपैठ करते हैं। देश को तब तक चुप नहीं बैठना चाहिए जब तक कि हर घुसपैठिये को बाहर नहीं निकाल दिया जाता। वास्तविकता कठोर है, लेकिन बिना किसी डर के कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि भारत अभी कार्रवाई नहीं करता है, तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए आतंकवाद, हमें आपराधिक और जनसांख्यिकीय विनाश के साये में रहना होगा। इसलिए, केवल सर्जिकल स्ट्राइक या नारों से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि देश के भीतर घुसपैठ के कैंसर को मिटाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

# मजदूरों के महत्व को दशार्ता मजदूर दिवस



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 01 मई मजदूर दिवस पर विशेष

मजदूर दिवस मजदूरों के महत्व को दशार्ने का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास कर-के यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2025 में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

देश के कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है। हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं। मजदूर दिवस सिर्फ एक अवकाश का दिन न होकर श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दिन है। हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनायेगा।

# नफरत की ये आग कब बुझेगी ?



जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छः सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गयी जिसमें 27 लोगों की जानें चली गयीं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गये हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम,जम्मू,वाराणसी,अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख़्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिये। निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मकसद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गयी उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्खियों में रहा वह था पहलगाम के नजाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नजाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नजाकत अली उर्फ नजाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नजाकत अली के साथ अपनी फोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ करते हुये लिखा कि -'आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नजाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'।

इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसायी नजाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नजाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नजाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। गौरतलब है कि कश्मीर के नजाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नजाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की जिम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नजाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाये गये पर्यटकों की जान बचाने के मकसद से एक हमलावर की बंदूक के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गये। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौके पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाकों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी जरूरी चीजें मुफ़्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफी हद तक पुनः पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ से भारतीय समाज में नफरत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुये। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफसोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ से एक स्वर में हमले में मारे गये लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हजारों ऐसी पोस्ट डाली गयीं जिससे देश में भाईचारे कायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई जिम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाये रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो निःसंदेह आतंकियों के घिनौने मकसद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गयी। कहीं बाजारों में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गयी तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गयी। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमानित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आखिर नफरत की ये आग कब बुझेगी? -**निर्मल रानी**

## कांदिवली में रक्तदान शिविर के आयोजन में पहुंचे पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी



**कांदिवली, मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्री सागर जैन मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का विशाल पैमाने पर आयोजन कांदिवली रिक्रिएशन क्लब, शान्तीलाल मोदी मार्ग, कांदिवली- पश्चिम में किया गया। इस रक्तदान शिविर में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराते हुए रक्तदाताओं और शिविर के आयोजकों का हौंसला बढ़ाया। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को अपने हाथों सर्टिफिकेट प्रदान किया और भविष्य में भी समय-समय पर रक्तदान करते रहने की सबसे अपील की ताकि जरूरतमंद नागरिकों का जीवन बचाया जा सके। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ धवल वोरा और संस्था के सभी पदाधिकारीऔर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहलगाम की दु:खद घटना से मेरा रक्तचाप चढ़ गया है : बाबूभाई भवानजी



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मुंबई के पूर्व उपमहापौर बाबूभाई भवानजी ने दादर (पूर्व) भाजपा कार्यालय वसंत स्मृति में स्थानिक कई मीडिया के लोगों से बात करते हुए कहा कि पहलगाम की मानवता को शर्मसार कर देने वाली निंदनीय घटना के जिम्मेदार पाकिस्तान को सबक सिखाने की जरूरत है। उसके टुकड़े टुकड़े कर अपाहिज बना दिया जाय, ताकी पाकिस्तान अपने खुद के पैर पर कभी खड़ा न हो सके। पाक की नापाक हरकत ने मुझे इस तरह से झंकझोर कर रख दिया है की मेरा रक्तचाप बढ़ गया है। बाबूभाई भवानजी ने देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से इस बात के लिए अपील की है कि यही सही समय है कि अपनी सेना पाकिस्तान को युद्ध में पराजित कर पीओके को भारत में मिलाने का काम करें। अंत में उन्होंने पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार लोगों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

## एनएसटी के विद्यार्थियों को मिली जानीमानी टेक्नोलॉजी कंपनियों में इंटर्नशिप

**मुंबई।** न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसटी) ने अपने विद्यार्थियों की एक खास उपलब्धि की घोषणा की हैः न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी में दूसरे वर्ष के अंडरग्रेजुएट सीएस और एआई विद्यार्थियों में से 93 प्रतिशत ने देश की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप हासिल करने में कामयाबी पाई है। इन कंपनियों में कुछ नाम हैं- रेजरपे, सर्वम एआई, जूमकार, ऐलन डिजिटल, फिजिक्स वाला; इनके अलावा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसी सरकारी एजेंसियां भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत विद्यार्थी अपने दूसरे वर्ष के अंत तक दो इंटर्नशिप पहले ही पूरी कर चुके हैं, काबिले गौर है कि भारत में अंडरग्रेजुएट्स के लिए यह एक दुर्लभ उपलब्धि है। विद्यार्थियों को इंडस्ट्री हेतु उपयोगी प्रोजेक्ट्स पर काम करने, बाहरी संगठनों के साथ सहयोग करने और व्यावहारिक माहौल में कक्षा में पढ़े कॉन्सेप्ट्स को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पारम्परिक इंजीनियरिंग कॉलेजों के विपरीत, जहां इंटर्नशिप आमतौर पर तीसरे वर्ष में शुरू होती है, एनएसटी के विद्यार्थी पहले वर्ष के अंत में ही अपनी इंटर्नशिप शुरू कर देते हैं। न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, एनएसटी में, हमारा लक्ष्य हमेशा से ही यह रहा है कि रियल-वर्ल्ड इंडस्ट्री अनुभवों को शुरूआत से ही पाठ्यक्रम में शामिल करके शिक्षा की परिभाषा नए ढंग से गढ़ी जाए। दूसरे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 93 प्रतिशत इंटर्नशिप प्लेसमेंट दर हासिल करना इस तथ्य को जाहिर करता है कि कैसे हमारा ढांचागत, परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण विद्यार्थियों को उनके ग्रेजुएट होने से पहले ही पेशेवर रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। मेंटरशिप, कठिन और इंडस्ट्री के मुताबिक पाठ्यक्रम और व्यावहारिक प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा पर जोर देने के साथ, एनएसटी के विद्यार्थी ग्रेजुएशन से पहले ही इंडस्ट्री-रैडी होने की काबिलियत को नए मायने प्रदान कर रहे हैं। जैसे-जैसे यह मॉडल रफ्तार पकड़ रहा है, एनएसटी एक नए बैंगलोर कैम्पस के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के टेक्नोलॉजी ईकोसिस्टम के हृदयस्थल में और ज्यादा भावी इनोवेटर्स को पोषित करना है।

## प्लम्बेक्स इंडिया 2025 का सफलतापूर्वक समापन

**मुंबई।** जल, स्वच्छता और प्लंबिंग पर भारत की प्रमुख प्रदर्शनी प्लम्बेक्स इंडिया 2025, नई दिल्ली के भारत मंडपम में शानदार तरीके से संपन्न हुई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 8,150 से अधिक विजिटर्स और 125 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन (आईपीए) द्वारा आयोजित और जल शक्ति मंत्रालय और अमृत 2.0 मिशन द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक इनोवेशंस का प्रदर्शन किया गया, सहयोग को बढ़ावा दिया गया और सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

प्लम्बिंग एंटरप्रेन्योरशिप @ 2047 में विकसित भारत की ओरह्व और पिंक टू ब्लू प्लंबिंग में महिलाएँ संगोष्ठियों में यूथ एम्पावरमेंट, जेंडर इनक्लूसिविटी और वाटर चैलेंज के लिए इंटरप्रेनयूरियल सॉल्यूशंस के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। चचाओं में भारत के वाटर सिक्योरिटी एजेंडे को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और मेंटरशिप की भूमिका पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, ह्णशहरी जल की कमी को दूर करने में वाटर ऑडिट और पुनः उपयोग की भूमिकाह्व पर सत्र में जल दक्षता को अनुकूलित करने और अपशिष्ट को कम करने के लिए एआई-ड्रिवेन टेक्नोलॉजीज और पालिसी फ्रेम वर्क्स के महत्व पर जोर दिया गया। आईपीए के नेशनल प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह अरोड़ा ने इस आयोजन पर कहा, प्लम्बेक्स इंडिया 2025 जल की कमी से निपटने के लिए भारत के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है।

# स्वामी विवेकानंद कालेज ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में डोनेट कर दिया अपना योगदान



**आदेश मिश्र**

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मलाड पूर्व स्थित दीनदयाल शिक्षण संस्थान संचालित स्वामी विवेकानंद हायस्कूल व कॉलेज ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरकार से माँग की गई की मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। साथ ही विश्वास जताया कि भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देगी। देश की रक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रधानमंत्री राहत कोष में सहयोग करने के लिए लोगों से भी अपील की और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में डोनेट भी किया गया।

ट्रस्टी डॉ नूतन सिंह ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि आतंकियों को हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देकर उन्हें छठी का दूध याद दिला देगी। नरसंहार को अंजाम देनेवालों को जल्द सजा मिलनी चाहिए और जल्द ही उन्हें भी मिट्टी में मिला दिया जाए और पाकिस्तान को उसकी औकात बतानी चाहिए। जिस दिन आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुँचा दिया जाएगा। उस दिन हम सभी जश्न मनाएंगे। स्कूल के विद्यार्थी, पालक वर्ग, शिक्षक और स्टाफ मौजूद थे।

## अजय मौर्या बनें भजपा के वार्ड अध्यक्ष



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आशीष शेलार ने प्रखर व सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अजय मौर्या को दहिसर पश्चिम के वार्ड क्रमांक 1 का अध्यक्ष बनाया है। वार्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी और विधायिका मनीषा चौधरी ने मौर्या को बधाई देते हुए कहा कि अब क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान होगा और साथ ही साथ भाजपा संगठन अत्याधिक मजबूत भी होगा। अपनी नियुक्ति पर मौर्या ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और उत्तर मुंबई जिला संगठन एवं गोपाल शेट्टी व ताई का अभिनंदन करते हुये दिल से आभार व्यक्त किया है। और कहा है कि आप सब द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाउंगा और भाजपा की मजबूती के लिए सदैव समर्पण की भावना से कार्य करता रहूँगा।वार्ड अध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय मौर्या को भाजपा मंडल महामंत्री विनोद शास्त्री, महेंद्र प्रसाद, दशरथ पाल, सभयराज यादव, मनोज पाल, रामावतार यादव, भीम मिश्रा, मुनिराज यादव व रमेश गौड़ ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

## चंद्रमणि उपाध्याय की सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित मुंबई पब्लिक स्कूल, केतकीपाड़ा दहिसर के आदर्श शिक्षक चंद्रमणि उपाध्याय का आज सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उप उपशिक्षणाधिकारी अशोक मिश्र ने की। उन्होंने उपाध्याय की लंबी शैक्षणिक सेवाओं की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में नेचुरा हिल्स के निदेशक डॉ. नागेश पांडे तथा फिल्म निर्देशक धरम पाजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुंदर संचालन आचार्य गुलाबधर पांडे ने किया। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका शैला पाण्डेय, गंगा परिहार, प्रणिता फोफड़े, मोहिनी, स्वेता संखे, श्वेता संखे, मानसी मोहन म्हात्रे, सिरकर, ज्ञानी विश्वकर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। मनपा शिक्षक के रूप में 32 वर्षों तक सेवा करने वाले उपाध्याय एक अच्छे पत्रकार के रूप में भी जाने जाते हैं।

# लोकमत सखी मंच बोईसर शाखा द्वारा चैत्रगौरी हलदी-कुंकू कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** लोकमत सखी मंच की बोईसर शाखा द्वारा चैत्रगौरी हलदी-कुंकू तथा गिफ्ट व आईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन बोईसर ग्राम पंचायत हॉल में बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने हेतु बोईसर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक सतीश आस्वर और भगवंत चौधरी को मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर उपस्थित दोनों अधिकारियों ने अपने वक्तव्य में साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं जैसे महिला साइबर सुरक्षा, बैंक फ्रॉड, साइबर फिशिंग, साइबर बॉम्बिंग और फेक कॉल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार से महिलाएं सतर्क रहकर इन अपराधों से खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। उपस्थित महिलाओं को यह जानकारी अत्यंत उपयोगी और शिक्षाप्रद लगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रियांका अंकित सावे ने भी सहभाग लिया। वे कॉमर्स स्नातक हैं और पूर्व में आईसीआईसीआई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत रही हैं। वर्तमान में वे अपने पति की कंपनी ₹ग्लोबल फेबटेक₹ में संचालिका के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को कुछ महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उनके आत्मनिर्भर बनने के मार्ग को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन लेखिका, कवयित्री एवं पूर्व मुख्याध्यापिका डॉ. स्मिता सुधीर मालवदे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत तथा आभार प्रदर्शन आयोजिका मेघना संपत वैराल ने किया। मेघना वैराल ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु हॉल उपलब्ध कराने के लिए बोईसर ग्राम पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मनोरंजनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा संगीत खुर्ची जैसे खेलों का भी आयोजन किया गया। चैत्रगौरी पूजन के पश्चात प्रसाद स्वरूप आंबेडाल व आम का पन्हा वितरित किया गया। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण व आनंददायी वातावरण में संपन्न हुआ।

## मुनीरा चूड़ासमा की स्मृति में मरीजों को अन्नदान कराया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हमारी विश्व की चेयरपर्सन - शाइना एनसी ने चुडासमा और मुनोत परिवार की ओर से स्वर्गीय मुनीरा चुडासामा की स्मृति में दो अलग-अलग स्थानों पर अन्नदान का आयोजन किया। बता दें कि आर्या के साथ परेल केईएम अस्पताल, के मरीजों और उनके रिश्तेदारों के लिए अन्नदान का यह आयोजन किया गया। इसी तरह खानोलकर सर्कल, परेल, और एनएसडी इंडस्ट्रियल होम फॉर द ब्लाइंड में दोपहर का भोजन दिया गया। वहीं कॉटन ग्रीन डिपो में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेड 1 ए की अध्यक्ष श्रीमती पूनम रावल ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना की, और उन्होंने कहा कि हमारी विश्व की चेयरपर्सन शाइना एनसी मैडम वास्तव में हम सभी को न केवल मुंबई में, परंतु सम्पूर्ण भारत के विभिन्न हिस्सों में बढ़चढ़कर और अपने आस-पास के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करती हैं । इस नेक काम में शाइना एनसी परिवार के सदस्यों के साथ-साथ कई जायंट्स के दिग्गज सदस्यों ने भी भाग लिया । जिसमें प्रमुख रूप से ललिता वासन, वीरेंद्र अय्यर, अम्रत सावला, हरीश रावल, अब्देअली बडलावाला, रशीदा मैमून, निशा मजमुदार, जोएब कामदार, बंकिम शाह, शिरीष कुमार जुमाना बेन और कई अन्य लोगों ने इस नेक काम में भाग लिया।

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के फेनापाडा स्थित मोनालिसा मैरेज लान में राष्ट्रीय परशुराम सेना व सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर विशिष्ट व्यक्तियों को भगवान श्री परशुराम की तस्वीर व रामनामी गमछा व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया । बतादें कि राष्ट्रीय परशुराम सेना महाराष्ट्र व सकल ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की पूजा अर्चना व आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया वहीं आये हुये अतिथियों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में पहलगांम में आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी । इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में उद्योगपति श्याम बिहारी मिश्रा , एडवोकेट प्रवीण मिश्रा , एडवोकेट आर आर त्रिपाठी , अरुण शुक्ला , राजेश मिश्रा , गिरीश मिश्रा आदि गणमान्य लोगों के साथ भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही है । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परशुराम सेना के प्रदेश सचिव बालमुकुंद शुक्ला के साथ राजेश पाण्डेय , ओमकारनाथ पाण्डेय , दिनेश उपाध्याय , महेन्द्र मिश्रा , विजय मिश्रा , दीपक झा , प्रेम तिवारी , सुनील पाण्डेय , संतोष पाण्डेय , अरुण पाठक आदि लोगों का अथक प्रयास रहा है।

## कंपोस्ट गड्ढा भरें, अपने गांव को स्वच्छ बनाएं, गुलाबराव पाटील ने किया आह्वान



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र राज्य सरकार के जलपूर्ति और स्वच्छता विभाग के निदेर्शानुसार पालघर जिले में 1 मई 2025 से कंपोस्ट गड्ढा भरें, अपने गांव को स्वच्छ बनाएं !₹ इस विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत किया जायेगा। इस अभियान का भव्य उद्घाटन पालघर के पालक मंत्री गणेश नाईक द्वारा कोलगांव में किया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गीले कचरे का सही प्रबंधन करना और कंपोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट (गांडूल खाद) का निर्माण करना है। राज्य के जलपूर्ति व स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटील ने ग्रामवासियों से अपील की है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत सभी लोग योजना के तहत अपने गांव को स्थायी रूप से स्वच्छ बनाए रखने के लिए सक्रिय भागीदारी करें। यह अभियान 1 मई से 30 सितंबर 2025 तक प्रभावी रूप से चलाया जाएगा। इसकी पूर्व तैयारी के तहत 27 से 30 अप्रैल के बीच घर-घर जाकर कचरे का वर्गीकरण किया गया। 29 और 30 अप्रैल को प्रचार-प्रसार किया गया। 1 से 10 मई तक एकत्रित गीले कचरे को नाडेप गड्ढों में भरा जायेगा और 15 सितंबर तक खाद बनाने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील और ग्रुप स्तर पर अधिकारी, समन्वयक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सभी ग्राम पंचायतों को बैठकों के माध्यम से नागरिकों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने भी सभी परिवारों से अपील की है कि वे गीला और सूखा कचरा अलग करें और स्वच्छ गांव की दिशा में योगदान दें।

## जवां और चमकदार त्वचा के लिये खाईये 5 एंटी-एजिंग सुपरफूड्स

**मुंबई/पटना।** कौन चाहता है कि वह उम्र से पहले बूढ़ा दिखे जवाब साफ है कोई भी नहीं। लेकिन आज के बदलते माहौल में न सिर्फ हमारी शारीरिक सेहत प्रभावित हो रही है, बल्कि हमारी त्वचा भी कई तरह के नुकसान झेल रही है, जिसका हमें अंदाजा भी नहीं होता। प्रदूषण, अत्यधिक धूप, नमी और हानिकारक यूवी किरणें हमारी त्वचा पर झुर्रियां, महीन रेखाएं और ढीलापन जैसी समस्याएं ला सकती हैं। इस विषय पर गहराई से जानने के लिए हमने त्वचा विशेषज्ञ और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका मित्तल से बात की, डॉ. गीतिका मित्तल का मानना है कि हमारी त्वचा का स्वास्थ्य पूरी तरह से हमारे खानपान पर निर्भर करता है। त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं रोकने के लिए वे रोजमर्रा के भोजन में बादाम, दही और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह देती हैं। आइए जानते हैं वे कौन से फूड्स हैं जिन्हें अपनाकर आप भी अपनी त्वचा को लंबे समय तक जवां और खूबसूरत बनाए रख सकते हैं।

ये हैं एक्सपर्ट द्वारा सुझाए गये पांच सुपरफूड्स : बादाम : बादाम को रोजाना के आहार में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन ई त्वचा के टोन और टेक्सचर को बनाए रखने में बेहद मददगार होते हैं।


उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति

* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा

*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com











स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

